# बैठक में दवाइयों की उपलब्धता पर हुई चर्चा

चंडीगढ़, (वि.) : कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 33वीं क्षेत्रीय बोर्ड की बैठक स्वास्थ्य सचिव अजय चगती की अध्यक्षता में मंगलवार को हाउसिंग बोर्ड परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में पंकज वोहरा, क्षेत्रीय निदेशक, डा. राजीव छाबड़ा, राज्य चिकित्सा अधिकारी, डा. सुमन सिंह, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, सुरिन्दर गुप्ता एवं अरुण गोयल, चैंबर आफ चंडीगढ़ इंडस्ट्रीज के नियोजक प्रतिनिधि और ईएसआइसी के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में दवाइयों की उपलब्धता, अतिरिक्त औषधालयों की स्थापना, ईएसआइएस डिस्पेंसरी में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार एवं धनवंतरी कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।